# आकाशवाणी, गोरखपुर

**दिनांक–11 सितम्बर 2025** **सान्ध्य समाचार**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मॉरिशस के प्रधानमंत्री डॉ नवीन चन्द्र रामगुलाम ने आज वाराणसी में द्विपक्षीय बातचीत की। इस दौरान दोनों देशों के बीच चार समझौतों पर हस्ताक्षर हुए। एक रिपोर्ट–

**दोनो नेताओं के बीच बातचीत में सहयोग के सभी क्षेत्र शामिल रहे। विज्ञान और तकनीक, ओशनोग्राफी, प्रशासनिक प्रशिक्षण और टेलीमेट्री में चार एमओयूस दोनों देशों के बीच आदान–प्रदान किए गए। शक्ति क्षेत्र, भारतीय अनुदान सहायता से छोटे विकास परियोजनाएं और हाइड्रोग्राफी से जुड़ी तीन अन्य दस्तावेज भी दोनों देशों ने साझा किए। बातचीत में सिविलाइजेशंस टाइस, आध्यात्मिक संबंध और पीपुल टू पीपुल टाइस को फिर से प्रगाढ किया गया। आलोक राय, आकाशवाणी समाचार, वाराणसी।**

एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दोनों देशों के बीच प्रगाढ़ होते संबंधों की पुष्टि करते हुए कहा भारत और मॉरिशस दो राष्ट्र हैं, लेकिन हमारे सपने एक हैं। भारत और मॉरिशस साझेदार ही नहीं एक परिवार भी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत के बाहर पहला जन औषधि केन्द्र मॉरिशस में स्थापित किया गया है। उन्होंने बताया कि ऊर्जा सुरक्षा द्विपक्षीय साझेदारी का महत्वपूर्ण स्तम्भ है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आईआईटी मद्रास और भारतीय वृक्षारेपण प्रबंधन संस्थान ने मॉरिशस विश्वविद्यालय के साथ समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं।

इससे पहले वाराणसी पहुंचने पर प्रदेश की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हवाई अड्डे पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का स्वागत किया। द्विपक्षीय वार्ता स्थल तक की यात्रा के दौरान स्थानीय लोगों ने भी फूलों की वर्षा कर उनका स्वागत किया।

**********

मॉरिशस के प्रधानमंत्री डॉ. नवीन चंद्र राम गुलाम  कल अयोध्या जाएंगे। वहां प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ उनका मॉरिशस के पारंपरिक शैली के अनुसार रेड कार्पेट पर स्वागत करेंगे। अयोध्या के जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे ने बताया कि मॉरिशस के प्रधानमंत्री श्रीराम मंदिर पहुंच कर दर्शन पूजन करेंगे। वह श्रीराम मंदिर निर्माण कार्य का अवलोकन करेंगे और परिसर स्थित जटायु तथा अंगद टीले पर पहुंचकर प्राचीन शिव मूर्ति का जलाभिषेक भी करेंगे। उनके दौरे को देखते हुए एयरपोर्ट से लेकर मंदिर परिसर तक सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए गए हैं।

**********

गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने आज लखनऊ सहित देश के चार हवाई अड्डों पर फास्ट ट्रैक इमिग्रेशन सेवा का वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये उद्घाटन किया। इसका उद्देश्य भारतीय नागरिकों और ओवरसीज सिटीजन ऑफ इंडिया–ओसीआई कार्डधारकों के लिए इमिग्रेशन प्रक्रिया को सरल, तेज और परेशानी से मुक्त बनाना है।

**********

ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ की छप्पनवीं तथा महंत अवेद्यनाथ की ग्यारहवीं पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में गोरखनाथ मंदिर में आयोजित साप्ताहिक श्रद्धांजलि समारोह का आज समापन हो गया। इसी क्रम में ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की पुण्यतिथि पर आयोजित श्रद्धांजलि समारोह में गोरक्षपीठाधीश्वर और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी हिस्सा लिया। इस दौरान अपने सम्बोधन में उन्होंने कहा कि कर्ता के प्रति कृतज्ञता का भाव प्रकट करना सनातन धर्म का पहला संस्कार है। गोरक्षपीठ में ब्रह्मलीन महंत की पुण्य स्मृति में साप्ताहिक आयोजन भी कृतज्ञता ज्ञापन का ही आयाम है।

**********

इस वर्ष स्वतंत्रता दिवस पर लाल किले की प्राचीर से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दिपावली तक वस्तु और सेवा कर–जीएसटी में नए सुधारों की घोषणा की थी। जीएसटी परिषद ने तीन सितंबर को आम लोगों को राहत प्रदान करने के लिए दरों को युक्तिसंगत बनाने की मंजूरी दे दी। घरेलू इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं में जीएसटी सुधारों को लेकर प्रस्तुत है एक रिपोर्ट–

**अब घरेलू इलेक्ट्रॉनिक सामान जैसे एयर कंडीशनर, डिशवॉशर और एलसीडी, एलईडी टीवी पर जीएसटी दर 28ः से घटाकर 18ः कर दिया गया है। टैक्स में इस कटौती से ये सामान सस्ते हो जाएंगे जिससे उनकी मांग बढ़ेगी और घरेलू उत्पादकों को अपना व्यापार बढ़ाने में मदद मिलेगी। इस बीच मोबाइल इलेक्ट्रॉनिक डिवाइसेज एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल की निदेशक देशराज भड़ाना ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का धन्यवाद करते हुए कहा कि ये जीएसटी सुधार घरेलू मांग को बढ़ाएंगे और आम लोगों की खपत में इजाफा करेंगे। अमन यादव, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।**

**********

नेपाल के काठमांडू, ललितपुर और भक्तपुर जिलों में निषेधाज्ञा और कर्फ्यू कल सुबह छह बजे तक के लिए बढ़ा दिया गया है। इस बीच, एयर इंडिया और इंडिगो ने घोषणा की है कि वह नेपाल में हाल ही में हुए घटनाक्रम के कारण फंसे यात्रियों की मदद के लिए दिल्ली से काठमांडू के बीच विशेष उड़ानें चला रही है। एयर इंडिया ने एक बयान में बताया कि नियमित उड़ानें शुरू हो गई है। नागर विमानन मंत्रालय ने विमान कंपनियों  को उचित किराया लेने की सलाह दी है।

**********